तापमान
अधिकतम 45.6 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 21 मई 2025

10 डेढ़ घंटे चला धरना, टोलकर्मियों ने दुर्व्यवहार...


11 राखी 90 प्रतिशत अंक लेकर बनी स्कूल टॉपर


*शहरी विकास के सलाहकार डीएस ढेसी ने सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की*

# शहर में इंट्रीग्रेटिड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया को जल्द आगे बढ़ाए एसएमडीए : डीएस ढेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सोनीपत

शहरी विकास के सलाहकार डीएस ढेसी ने कहा कि हमें सोनीपत शहर में एक विकसित शहर की अवधारणा के तहत शहरी सेवाओं की निगरानी, समन्वय और प्रबंधन करना है।

जिसमें शहर के संसाधनों का कुशल उपयोग कर नागरिकों को सुरक्षित,सुविधाजनक और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करना है। इसके लिए शहर में एक इंटीग्रेटिड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) स्थापित किया जाएगा। ढेसी मंगलवार को लघु सचिवालय में सोनीपत शहरी विकास प्राधिकरण की मीटिंग में अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। मीटिंग में उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से जानकारी ली कि यह इंटीग्रेटिड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर कहां स्थापित किया जा सकता है। इस पर नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने बताया कि इसके लिए नगर निगम के नए बनाए जा रहे कार्यालय में जगह निर्धारित है। इस पर ढेसी ने एसएमडीए के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां पर जल्द से जल्द इंटीग्रेटिड कमांड एंड कंट्रोल सैंटर स्थापित करने के लिए प्रक्रिया शुरू की जाए।



सोनीपत। अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए शहरी विकास विभाग के सलाहकार।

मीटिंग में डीएस ढेसी ने विभिन्न एजेंडा पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि शहर से एक बूंद भी बगैर शोधित पानी यमुना में न जाए, सेक्टर-4 खेल परिसर के साथ-साथ सुभाष स्टेडियम के विकास का प्रस्ताव भी तैयार करें, जिला में अव्यवस्थित औद्योगिक क्षेत्रों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए।

### बैठक में ये रहे मौजूद

मीटिंग में एसएमडीए की सीईओ ए मोना श्रीनिवासन, डीसी डा. मनोज कुमार, नगर निगम के कमिशनर हर्षित कुमार, एसएमडीए की डिप्टी सीईओ वीना हुड्डा, एसीयूटी गौरव, सीईओ जिला परिषद अभय सिंह जांगड़ा, एसीपी जीत सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### क्या है इंटीग्रेटिड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर

**ट्रैफिक और यातायात प्रबंधन**
- सीसीटीवी कैमरों और एएनपीआर (आटेमेटिक नंबर प्लेट सिकोगनाईजेशन सिस्टम) सिस्टम की मदद से सडक यातायात पर निगरानी।
- ट्रैफिक नियम उल्लंघनों की पहचान और ई.चालान जारी करना।
- रीयल.टाइम ट्रैफिक डेटा के आधार पर सिग्नल सिंक्रोनाइजेशन और भीड़ नियंत्रण।

**कानून व्यवस्था और सुरक्षा निगरानी**
- सार्वजनिक स्थानों व प्रमुख चौराहों व बाजारों में कैमरों की मदद से निगरानी।
- पुलिस और आपातकालीन सेवाओं को त्वरित अलर्ट व सहयोग देना।
- महिला सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी (जैसे पैनिक बटन, सार्वजनिक स्थानों पर विशेष कैमरे)।

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (स्वच्छता)**
- कूड़ा उठाने वाले वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग।
- सफाई के कार्यों की रीयल.टाइम निगरानी और रिपोर्टिंग।
- शिकायत निवारण तंत्र के साथ जुड़ाव।

**जल आपूर्ति और सीवरेज प्रबंधन**
- जल वितरण की निगरानीए लीकेज की पहचान और रीयल.टाइम समाधान।
- सीवरेज लाइन और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की निगरानी।

**स्ट्रीट लाइट्स और ऊर्जा प्रबंधन**
- स्मार्ट स्ट्रीट लाइटों का नियंत्रण और मरम्मत की सूचना।
- बिजली की खपत का विश्लेषण और अनावश्यक खर्च में कमी।

**आपदा प्रबंधन और त्वरित प्रतिक्रिया**
- आग, बाढ़, गैस लीक दुर्घटना जैसी आपात स्थितियों में त्वरित सूचना और समन्वित कार्यवाही।
- पुलिस, फायर ब्रिगेड व एम्बुलेंस से समन्वय।

**नागरिक शिकायत प्रणाली और संवाद**
- नागरिकों से आने वाली शिकायतों व प्रस्तावों की डिजिटल ट्रैकिंग।
- सभी विभागों के बीच आपसी समन्वय से समाधान।

**डेटा संग्रह और विश्लेषण**
- शहर से संबंधित सभी डिजिटल डाटा का एकत्रीकरण और विश्लेषण।
- स्मार्ट निर्णय लेने में सहायता।

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार वारदात में शामिल को पकड़ा

**सोनीपत।** एसएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल उर्फ बम्ब निवासी गांव बोहला हाल में शास्त्री कॉलोनी सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उप निरीक्षक नवनीत ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान मुरथल फ्लाईओवर जीटी रोड पर मौजूद थी। गुप्त सूचना पर टीम ने गोहाना बाईपास के पास से संदिग्ध हालत में घुम रहे युवक को काबू कर तलाशी ली। उसके पास से देशी पिस्तौल बरामद हुआ।

### मुरथल व पट्टी जाटान में अवैध निर्माण ध्वस्त

**सोनीपत।** जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह ने बताया कि मंगलवार को गांव मुरथल और पट्टी जाटान की राजस्व सीमा में लगभग 6 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी में कार्रवाई करते हुए 5 डीपीसी, 1 निर्माणाधीन मकान तथा कच्चे रास्तों को ध्वस्त किया गया। डीटीपी अजमेर सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें।

### मारपीट कर घायल करने का आरोप

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में मोटर साइकिल सवार का रास्ता रोककर मारपीट करने व विरोध करने पर गला दबाकर जान से मारने के प्रयास का मामला सामने आया है। गांव खेवड़ा निवासी सतपाल ने बताया कि वह गत 18 मई को देर शाम करीब साढ़े आठ बजे बाइक पर पेट्रोल डलवाने के लिए जा रहा था। वह बहालगढ़ चौक पर संदीप निवासी लिवासपुर दो साथियों के साथ खड़ा हुआ था। उसने गाड़ी से बिट्टा उतारकर उसकी तरफ मारने के लिए दौड़ा। उसने बाइक भगा ली। उसके बाद पीछा करके गाड़ी आगे अड़ाकर रोक लिया। उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। राहगीरों ने उसे छुड़वाया। जांच अधिकारी एसआई अनिल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### संब इंस्पेक्टर और हलवदार ने कूदकर बचाई जान, चालक गंभीर रूप से घायल

# कार लूटकर भागे तीन बदमाश, पुलिस ने रोका तो गाड़ी चढ़ाने की कोशिश

एक आरोपित दबोचा, दो साथी भागे, केएमपी पर घेरा तो पुल से कूद गए दोनों के टूट गए पैर

हरिभूमि न्यूज ▶▶खरखौदा

बहादुरगढ़ से स्विफ्ट डिजायर कार लूटकर भागे बदमाशों ने खरखौदा पहुंचने पर पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर दिया। उन्होंने नाके पर तैनात पुलिसकर्मियों को कुचलने की नीयत से तेज रफ्तार में गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। इस दौरान सब-इंस्पेक्टर चांद सिंह व हवलदार संदीप ने एक तरफ कूदकर जान बचाई, लेकिन पुलिस वाहन चला रहे चालक दीपक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने एक आरोपी को दबोच लिया, लेकिन उसके दो साथी भाग निकले। बाद में पीछा करते हुए पुलिस ने उन्हें केएमपी पर घेरा तो वह पुल से कूद गए। जिससे उनके पैर टूट गए। एसआई चांद सिंह ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ देर रात करीब दो बजे गश्त पर थे। सोनीपत रोड पर पुलिस को दुर्घटनाग्रस्त दो कार खड़ी मिली, जिनके पास सरपंच सिसाना जगबीर सिंह मौजूद थे। पुलिस टीम उनसे हादसे के बारे में पूछने लगी तो तभी सूचना मिली थी कि बहादुरगढ़ से छीनी गई स्विफ्ट कार (टैक्सी) खरखौदा की तरफ आ रही है। इस पर उन्होंने टीम के साथ सोनीपत मार्ग पर ही नाकाबंदी कर दी। छीनी गई कार का पुलिस की डायल-112 की टीम पीछा कर रही थी। जब कार सवार पुलिस नाका के पहुंचे तो उन्हें टॉर्च दिखाकर रोकने का





### पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया

इस पर उन्होंने गाड़ी को रोक लिया। वह वापस मुडकर भागने का प्रयास करने लगे तो डायल-112 की गाड़ी आ गई। बीच में फंसने पर बदमाश ने अपने साथी को कहा कि पुलिस को टक्कर मार दे। जिस पर बदमाश ने जानबूझकर तेज रफ्तार में कार चलाकर पुलिस टीम को कुचलने की कोशिश की।बदमाशों ने कार से टक्कर मारने की कोशिश की तो उन्होंने व हवलदार संदीप ने एक तरफ कूदकर जान बचाई। हालांकि बदमाशों ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मार दी। जिससे चालक दीपक गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में बदमाश खेतों की तरफ भाग गए। पुलिस टीम ने अन्य कर्मियों की मदद से दीपक को खरखौदा अस्पताल में भेजा, जहां से उन्हें पीजीआई रोहतक ▯

### एक बदमाश को दबोचा तो दो अन्य की हुई पहचान

पुलिस की टीम ने बदमाशों की तलाश शुरू की। मामले से थाना प्रभारी व कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। पुलिस ने करीब आधा किलोमीटर दूर झाडियों में छिपे एक आरोपी को पकड़ लिया। उसकी पहचान झज्जर के गांव परनाला निवासी अखिल के रूप में हुई है। उसने मौके से भागे अपने साथियों की पहचान परनाला के रितेश उर्फ लीलू और दिल्ली के टिकरी निवासी गोल्डी के रूप में दी। अखिल ने कबूल किया कि उन्होंने बहादुरगढ़ से कार लूटी थी और पुलिस पर जानबूझकर गाड़ी चढ़ाई। पुलिस ने उनके खिलाफ हत्या की कोशिश समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### आज कोर्ट में पेशी

कार लूट के आरोपी अखिल को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसे बुधवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। दो अन्य आरोपी पुलिस टीम को देखकर पुल से कूदकर घायल हुए हैं, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल रितेश पर पहले भी सदर कैथल में हत्या की कोशिश व मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

*-इंस्पेक्टर प्रेम सिंह, थाना प्रभारी, खरखौदा*

### जब पुलिस टीम ने घेरा तो केएमपी एक्सप्रेस-वे के पुल से कूदे बदमाश

पुलिस की टीम घटनास्थल से भागे रितेश व विशाल उर्फ गोल्डी की तलाश कर रही थी। मंगलवार दोपहर को सीआईए-1 प्रभारी बीर सिंह व क्राइम यूनिट खरखौदा प्रभारी रवींद्र कुमार को आरोपियों के केएमपी एक्सप्रेस-वे पर होने का पता लगा। सूचना मिली कि दोनों ही किसी वाहन को फिर से लूटकर भागने की फिराक में है। जिस पर पुलिस ने पिपली टोल प्लाजा के पास बने केएमपी एक्सप्रेस-वे के पुल पर जाकर दोनों को घेर लिया। पुलिस से घिरने के बाद दोनों ही बदमाशों ने बचने के लिए पुल से छलांग लगा दी। जिससे नीचे गिरकर दोनों की टांग टूट गई। रितेश व विशाल को खरखौदा के नागरिक अस्पताल में उपचार दिलाया गया। जहां से खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है।

## किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 52 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

वहीं चालीस हजार रुपये की राशि पीड़िता को देने के आदेश अदालत ने दिए है। एक महिला ने 9 अप्रैल 2024 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी 13 वर्षीय बेटी ने उसे बताया कि उसके पड़ोस के रहने वाले विकास ने उसे दो महीने पहले शादी करने की बात कही। उसे मोबाइल फोन देने का लालच दिया। करीब 20 दिन पहले उसे अपने खेत में बुलाकर उसके साथ यौनाचार किया। लड़की ने बताया कि वह चार-पांच दिन पहले पार्क में खेल रही थी। उसे विकास ने अपने खेत में बने कोठरें में बुलाया। जहां उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। किसी से कुछ कहने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित व उसके दो साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। वहीं मामले में कार्रवाई करते हुए अदालत ने आरोपितो को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में सुनवाई करते हुए एएसजे नरेंद्र की अदालत ने आरोपित विकास को 6 पॉक्सो एक्ट में दोषी मानते हुए 20 साल कैद की सजा व पचास रुपये जुर्माना, धारा-506 दोषी मानते हुए दो साल कैद व दो हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने जुर्माना राशि से चालीस हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश दिए है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को सात माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

- अदालत ने दोषी पर 52 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया, अदा न करने पर अतिरिक्त सजा
- जुर्माना राशि से चालीस हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश

## दूसरे स्कूल की मान्यता पर कक्षाएं लगाने वालों पर शिक्षा विभाग सख्त

**गन्नौर।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने क्षेत्र में बिना मान्यता के चल रहे वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। कुछ स्कूल केवल हाई स्कूल स्तर की मान्यता प्राप्त होने के बावजूद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के रूप में चल रहे हैं। स्कूल संचालक दूसरे स्कूलों में बच्चों का दाखिला करवा कर अपने स्कूल में वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर बच्चों को पढ़ा रहे हैं। इस पर शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि ऐसे सभी स्कूलों को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए जो निर्धारित मान्यता से अधिक कक्षाएं चला रहे हैं। साथ ही, उन्होंने सीआरसी प्रभारी को मौके पर निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश भी दिए हैं।

### स्कूलों की सूची तैयार करने खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देश

खंड शिक्षा अधिकारी आजाद दहिया ने बताया कि एक मान्यता केवल एक ही विद्यालय संचालन के लिए वैध होती है, उसे किसी अन्य स्थान या दूसरे विद्यालय में स्थानांतरित नहीं किया जा सकता। माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्कूल की प्राचार्या व सीआरसी हैड को निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित स्कूलों को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्र में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर चल रहे बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों की जांच कर सूची तैयार कर रिपोर्ट कार्यालय में भेजें। शिक्षा के स्तर और विद्यार्थियों के भविष्य से किसी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## निर्माणाधीन गली में पानी भरने से आवागमन में लोग परेशान

**गन्नौर।** नगरपालिका के वार्ड 6 हरि नगर में गली निर्माण के लिए उखाड़कर ठेकेदार निर्माण करना भूल गया है। जिस कारण गली में नालियों का गंदा पानी भरने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गली के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गली में आवागमन के लिए ठेकेदार का रास्ता बनाना चाहिए। जिससे लोगों को निर्माण के दौरान परेशानी न हो। वार्डवासी सोमबीर, कर्मबीर, संतोष, बिमला, मंजू, मोनू, नीलम ने बताया कि गली निर्माण के लिए ठेकेदार द्वारा गली को उखड़वा दिया है। जिससे गली में नालियों का गंदा पानी जमा हो गया है। लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार को गली निर्माण के दौरान लोगों की सुविधा का ध्यान रखना चाहिए। इस तरह से व्यवस्था करके बनाए कि लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने प्रशासन से गली के शीघ्र निर्माण की मांग की है।



## शहर के कई हिस्सों में पेयजल की किल्लत

**खरखौदा।** ज्यों ज्यों गर्मी बढ़ती जा रही है त्यों-त्यों शहर में पेयजल समस्या गंभीर होती जा रही है। पानी आपूर्ति का न केवल शेड्यूल बिगड़ता जा रहा है, बल्कि शिकायतों को लेकर भी जन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से ध्यान नहीं दिए जाने से लोग परेशान हैं। शहर के दिल्ली मार्ग पर गुरुकुल वाले मोहल्ले में पानी सप्लाई करने वाली पेयजल पाइप लाइन की वाल्व खराब होने से चार दिन से पानी सप्लाई नहीं हो पा रही है। मंगलवार को मोहल्ला वासियों ने जन स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ रोष जताया और जल्द से जल्द वाल्व ठीक कर पानी की आपूर्ति सामान्य करने की मांग की। गुरुकुल मोहल्ला के दिलबाग, मुनीश, अंकित, मुकेश, विक्रम, मामचंद, सुंदर सैनी व राहुल का कहना है कि शनिवार को उनके मोहल्ले में पानी सप्लाई करने वाली पेयजल पाइप लाइन पर लगी वाल्व खराब हो गई थी। जिसकी सूचना उनकी तरफ से जन स्वास्थ्य विभाग को दी गई। लेकिन मंगलवार तक भी जन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से वाल्व को ठीक नहीं किया गया तो लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया।



**खरखौदा।** जलापूर्ति के खराब वाल्व की ओर इशारा करते उपभोक्ता।

### चार दिन से लोग परेशान

लोगों ने आरोप लगाया कि गर्मी के मौसम में एक दिन भी पानी के बगैर रहा नहीं जा सकता है, लेकिन जन स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली के कारण बीते चार दिन से वह सफर कर रहे हैं। जन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से ऐसी स्थिति में टैंकरों से भी पानी मुहैया करवाया जा सकता था, लेकिन विभाग की तरफ से यह जहमत भी नहीं उठाई गई। ऐसे में उन्हें नहर के पास लगे नलकूप से पानी का इंतजाम करना पड़ रहा है, जबकि इस गर्मी के मौसम में सामान्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा पानी चाहिए। लोगों ने जन स्वास्थ्य विभाग से पानी मुहैया करवाने की मांग की है।

## इटली से आए छात्र शिक्षक दल का भव्य स्वागत



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचे इटली से आए शिक्षक दल का स्वागत करते हुए।

सोनीपत। लर्निंग यार्ड स्कूल सोनीपत के भव्य सभागार में इटली से आए छात्र शिक्षक दल का हार्दिक स्वागत किया गया। जिसमें 6 छात्र आए तथा एक अध्यापिका 10 दिवसीय दौरे पर हैं। इस अंतरराष्ट्रीय दौरे का उद्देश्य भारत और इटली के बीच सांस्कृतिक शैक्षणिक आधारित गतिविधियों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। आज के इस सर्वप्रथम लर्निंग यार्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने अनुशासित संदेश दिया। तत्पश्चात इटेल ए सांस्कृतिक नृत्य तथा इंग्लिश नृत्य ने अतिथियों को विशेष रूप से प्रभावित किया तथा थिरकने पर मजबूर कर दिया। विभिन्न क्षेत्रों में मेधावी छात्रों को अतिथियों द्वारा सम्मानित करवाया गया। विद्यालय के अध्यक्ष एसके शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि यह संस्थान भारत की संस्कृतिक धरोहर को संजीव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है तथा पिछले 4 वर्षों से अनेक विदेश के साथ शैक्षणिक गतिविधियों के आदान-प्रदान से विद्यार्थियों को ग्लोबल बनाकर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने में अग्रणी रहा है। विद्यालय की निर्देशिका अर्चना शर्मा अपने पुष्प मालाओं से अतिथियों का अभिनंदन किया और अतिथियों को विद्यार्थियों और अध्यापिकाओं से परिचित करायाा। इस ऐतिहासिक अवसर से भारत इटली के बीच शैक्षणिक और सांस्कृतिक सेतु और मजबूत होंगे।

अच्छी पहल

सेफ इंडिया फाउंडेशन की तरफ से तैयार की योजना तैयार

# जिला नागरिक अस्पताल परिसर में बनेगा छोटे बच्चों के लिए क्रेच

हरिभूमि न्यूज ▶▶सोनीपत

सोनीपत के जिला नागरिक अस्पताल में महिलाओं और उनके छोटे बच्चों के लिए एक क्रेच बनाया जाएगा। सेफ इंडिया फाउंडेशन ने इस योजना को तैयार किया है, जिसमें स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए अलग कमरा, बच्चों के खेलने की सामग्री और देखरेख की व्यवस्था होगी। मंगलवार को फाउंडेशन के पदाधिकारियों व जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना ने क्रेच तैयार होने वाली जगह पर दौरा किया।

फाउंडेशन की तरफ से जल्द से जल्द क्रेच बनाने की योजना पर कार्य शुरू किया जायेगा। बता दें कि नागरिक अस्पताल में हर रोज करीब चार सौ से ज्यादा की बाल रोग विशेषज्ञ की ओपीडी है। वहीं प्रसूति विभाग में आने वाली महिलाओं व बच्चों की संख्या भी हर रोज एक सौ से ज्यादा की होती है। परिसर में बनने वाले क्रेच में महिलाओं व ओपीडी में आने वाले बच्चों को लाभ मिल सकेगा। बच्चों के लिए खेलने के लिए खिलौने व अन्य उपकरण उपलब्ध होगें। फाउंडेशन की तरफ से योजना को तैयार किया। जिसकी अनुमति प्रबंधन की तरफ से दी जा चुकी है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द से जल्द कार्य शुरू होगा। वहीं पूरा होने पर अस्पताल में आने वाले बच्चों को योजना का लाभ मिल सकेगा।

अस्पताल में जगह चिह्नित करने के दौरान डा. ज्योत्सना, डा. अलकृता, डा. नीरज यादव, डा. विकास, वाइके त्यागी व संजय सिंगला मौजूद रहे।



**सौनीपत।** जगह को चिह्नित करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी व फाउंडेशन के पदाधिकारी।

### क्रेच की विशेषताएं

**सस्तनपान के लिए अलग कमरा:** ▶ माताओं के लिए स्तनपान कराने के लिए एक सुरक्षित और एकांत स्थान होगा।

▶ बच्चों के खेलने की सामग्री: बच्चों के लिए खेलने की सामग्री और देखरेख की व्यवस्था होगी।

▶ 6 महीने से 6 साल तक के बच्चों के लिए सुविधा: क्रेच में 6 महीने से 6 साल तक के बच्चों को रखने की सुविधा होगी।

**जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य:**

▶ **स्थल निरीक्षण:** जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्सना ने फाउंडेशन के वाइके त्यागी, संजय सिंगला पदाधिकारियों के साथ अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया और क्रेच के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित किया।

▶ अधिकारी ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे मंजूरी दे दी गई है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा।

**महिलाओं और बच्चों के लिए राहत:** ▶ अस्पताल में आने वाली महिलाओं और उनके छोटे बच्चों के लिए यह क्रेच एक बड़ी राहत होगी।

**प्रसूति और बाल रोग विभागों के लिए फायदेमंद**

▶ यह सुविधा खासकर प्रसूति और बाल रोग विभागों में आने वाले मरीजों के लिए फायदेमंद होगी।

### सराहनीय कदम

फाउंडेशन की तरफ से तैयार की योजना का अस्पताल में आने वाली महिलाओं व बच्चों को लाभ मिलेगा। यह सराहनीय कदम है। परिसर में इमारत के बीच में खाली पार्क की जगह को चिह्नित किया गया है। जिसके साइट में योजना अनुसार कार्य शुरू किया जायेगा।

*-डा. ज्योत्सना, जिला स्वास्थ्य अधिकारी।*

## खबर संक्षेप

### 15 जून से पहले धान की रोपाई पर प्रतिबंध

**सोनीपत।** जिलाधीश एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिले में 15 जून से पहले धान की रोपाई पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह निर्णय जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, क्योंकि समय से पूर्व धान की रोपाई में अत्यधिक जल की आवश्यकता होती है, जिससे भूमिगत जल स्तर में भारी गिरावट आती है। यदि कोई किसान इन आदेशों का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध प्रति हेक्टेयर भूमि के हिसाब से 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

### एचआर व चौकीदार पर सामान चोरी का आरोप

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र स्थित कंपनी में एचआर व चौकीदार पर लाखों रुपये कीमत का सामान चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। कंपनी संचालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। राजौरी दिल्ली निवासी विनीत ने बताया कि गत 15 मार्च को उनकी कंपनी में सामान चोरी होने की सूचना मिली है। कंपनी में लगे सीसीटीवी की जांच की तो कंपनी में तैनात सिक्योरिटी गार्ड की मौजूदगी में सामान चोरी होना पाया गया। अपने स्तर पर जांच की तो पता चला कि उस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरे बंद कर रखे थे। जबकि गेट के कैमरे बंद नहीं कर पाएं। वही गाड़ियों की आने-जाने की एंट्री भी गेट पर होती थी, लेकिन कोई ऐसी उक्त गाड़ी की इंट्री नहीं हो पाई।

### लेबर कोड रद करवाने को लेकर किया प्रदर्शन

**गोहाना।** शहर में जींद मार्ग स्थित नगर परिषद पार्क में मंगलवार को आशा वर्कर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्कर्स ने सीटू के नेतृत्व में अपनी लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए प्रदर्शन किया। सीटू वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने कहा कि सरकारलेबर कोड को रद करे, उद्योगों एवं सरकारी क्षेत्र में सभी श्रम कानून सख्ती से लागू किए जाएं, परियोजना वर्कर्स एवं कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए और न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन मांगों को पूरा करवाने के लिए सीटू द्वारा पिछले लंबे समय से संघर्ष किया जा रहा है। सीटू नेता आनंद शर्मा के अनुसार 9 जुलाई को राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल होगी। जिसमें इन मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

## जगजीत सिंह डल्लेवाल और अभिमन्यु कुहाड़ से अभद्र व्यवहार का मामला

# डेढ़ घंटे चला धरना, टोलकर्मियों ने दुर्व्यवहार के लिए मांगी माफी

- डेढ़ घंटे तक चला धरना किसान नेताओं ने टोल की एक लेन को बंद करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत





**सोनीपत।** टोल पर धरना देते किसान,धरनारत किसानों को समझाते पुलिस अधिकारी और किसान नेताओं के समक्ष सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए टोलकर्मी।



सोनीपत के कुंडली-गाजियाबाद-पलवल (केजीपी) एक्सप्रेसवे पर स्थित जाखौली टोल प्लाजा पर परसों रात उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के प्रमुख नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और किसान नेता अभिमन्यु कुहाड़ के साथ टोल कर्मियों ने अभद्र व्यवहार किया। किसान नेताओं के अनुसार टोल कर्मचारियों ने न सिर्फ बदतमीजी की, बल्कि एक निर्दोष ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट भी की। इस घटना के विरोध में भारतीय किसान नौजवान यूनियन के बैनर तले किसान मौके पर एकत्र हो गए और टोल की एक लेन को बंद कर धरना शुरू कर दिया। लगभग 1.30 घंटे तक चले धरने में किसानों ने दोषी टोल कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। किसान नेताओं का कहना था कि जब तक दोषियों को सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाकर कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक वे धरना समाप्त नहीं करेंगे।

प्रशासनिक अधिकारियों के मौके पर पहुंचने के बाद किसानों से बातचीत हुई। अधिकारियों ने किसानों को भरोसा दिलाया कि वे लिखित शिकायत दर्ज कराएं और दोषी टोलकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। टोल मैनेजर सोराब खान भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने किसानों से माफी मांगते हुए बताया कि संबंधित कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है।

किसानों ने मांग की कि दोषियों को पंचायत के सामने लाया जाए ताकि सार्वजनिक रूप से माफी ली जा सके। टोल प्रबंधन की ओर से आश्वासन दिया गया कि 30 मिनट में दोषी कर्मचारी बुला लिए जाएंगे। कुछ ही देर में आरोपी कर्मचारी मौके पर पहुंचे और किसानों के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में इस प्रकार की घटना दोबारा नहीं होगी। टोल मैनेजर ने भी घोषणा की कि अभद्रता करने वाले कर्मचारियों को टोल पर नहीं रखा जाएगा और भविष्य में किसान यूनियन के नेता या किसान के साथ कोई दुर्व्यवहार नहीं होने दिया जाएगा। इसके बाद किसानों ने धरना समाप्त करने की घोषणा की। भारतीय किसान नौजवान यूनियन ने प्रशासन और टोल प्रबंधन द्वारा की गई कार्रवाई को चेतावनी के रूप में लेते हुए कहा कि भविष्य में यदि फिर ऐसी कोई घटना हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।



**गन्नौर।** बाल भवन स्कूल के छात्र शैक्षणिक भ्रमण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## शैक्षिक भ्रमण में छात्रों ने ज्ञानवर्धन एवं व्यवहारिक अनुभव प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- बाल भवन स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षिक भ्रमण

बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल द्वारा बाल वाटिका एक, दो, तीन के छात्रों हेतु एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन एवं व्यवहारिक अनुभव प्राप्त करने हेतु आयोजित किया गया था। भ्रमण के अंतर्गत बच्चों को रिलायंस जियो मार्ट ले जाया गया। उन्होंने भ्रमण स्थल पर देखी गई चीजों के विवरण को देखा एवं सीखा।

शिक्षकों ने उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। जिसके द्वारा बच्चों को खरीदारी करने का पता चला। विद्यालय के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता व समन्विका नेहा सिंधु ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण से विद्यार्थियों में जिज्ञासा, ज्ञान की अभिवृद्धि एवं सामाजिकता जैसे गुणों का विकास होता है। भ्रमण के दौरान सभी विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। शैक्षिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी प्रतिभागियों ने इसे यादगार अनुभव बताया।

### बस स्टैंड पार्किंग से दोपहिया वाहन चोरी, केस दर्ज

सोनीपत। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में स्थित बस स्टैंड पार्किंग से दोपहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। गांव गढ़ी सिसाना निवासी अमरदीप ने बताया कि वह 14 मई को अपने दोस्त अजीत के साथ अपनी बाइक पर सोनीपत आया था। बाइक को बस स्टैंड परिसर में खड़ी करके हरिद्वार चला गया। देर शाम को वह वापस लौटा तो पार्किंग में खड़ी उसी बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। जांच अधिकारी एचसी रवि कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। परिसर में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है।

## खिज्र मकबरा प्रांगण में आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** खिज्र मकबरे का निरीक्षण करते हुए अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को विशेष बनाने के लिए कार्यक्रम जिला के ऐतिहासिक स्थलों पर आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में मंगलवार को नगराधीश डॉ० अनमोल व नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. नरेश कुमार ने खिज्र मकबरे का दौरा किया।

नगराधीश डॉ० अनमोल ने बताया कि इस वर्ष आयोजित होने वाले जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन खिज्र मकबरा प्रांगण में किया जाएगा, जिसको लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। उन्होंने आयुष विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यक्रम स्थल को लेकर रूप रेखा तैयार कर लें ताकि सभी कार्य आसानी से पूरे किए जा सके। उन्होंने शहरवासियों का आह्वान किया कि योग दिवस को अपनी दिनचर्या में शामिल करें ताकि हमारा स्वास्थ्य ठीक रह सके। उन्होंने कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में सभी बढ़चढ़कर हिस्सा लें और दूसरे लोगों को भी हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रामावतार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




### रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आर्डेंट ने स्कूल में भेंट किए तीन कंप्यूटर

**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आर्डेंट द्वारा कबीरपुर स्थित जेडी मेमोरियल स्कूल को तीन कंप्यूटर भेंट किए गए। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष राजेश कटारिया ने कहा कि आज के समय में शिक्षा बहुत जरूरी है, इसी के साथ बच्चों का अन्य विषयों में भी पारंगत होना आवश्यक है।कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष आशु नागपाल, शशि कटारिया, पूनम राय, स्कूल की प्राचार्या एवं विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। स्कूल प्रबंधन ने रोटरी क्लब का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह कंप्यूटर बच्चों की डिजिटल शिक्षा को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होंगे।

## सीटीएम को सौंपा पीएम के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



- 9 जुलाई की राष्ट्रीय हड़ताल में शामिल होंगे मजदूर

एआईयूटीयूसी जिला कमेटी सोनीपत की तरफ से प्रधानमंत्री को सीटीएम के माध्यम से एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से एआईयूटीयूसी की तरफ से कहा गया कि ठेका कर्मचारी, आंगनवाड़ी, आशा, मिड डे मील कर्मचारी, सक्षम व स्कीम वर्कर का महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के कारण इन लोगों का जीवन लगातार कठिन परिस्थितियों से जूझ रहा है। सरकारी महकमों को कोड़ियों के भाव बेचा जा रहा है।

एनपीएस और यूपीएस की जगह ओपीएस को लाकर पुरानी पेंशन नीति से ध्यान हटाया जा रहा है और महिलाओं को रात मे ड्यूटी करने का कानून बनाकर महिलाओं की जिंदगी को खतरे मे डाला जा रहा है। काम के 8 घंटे की जगह बढ़ाकर 12 घंटे कर दिये गए हैं। ए आई यू टी यू सी ने मजदूरों के जीवन से जुड़ी चंद मांग के तुरंत समाधान करने का आग्रह किया, जिनमें श्रमिक विरोधी चार लेबर कोड रद्द किए जाएं, न्यूनतम वेतन 28000 रुपए मासिक घोषित किया जाए, मासिक पेंशन 10000 मासिक लागू की जाए, ठेका, कैजुअल, आउटसोर्स, सक्षम तथा कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, आंगनवाड़ी, आशा, मिड डे मील सहित सभी वर्कर को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया यदि सरकार हमारे इन मांगों पर समय रहते विचार नहीं करती है और इनको पूरा नहीं करती है तो केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व स्वतंत्र फेडरेशन के आह्वान पर आगामी 9 जुलाई को राष्ट्रीय हड़ताल में मजदूर शामिल होंगे। आज के कार्यक्रम में बलबीर सिंह, बलवान सिंह, जगबीर, निरंजन, इंदर सिंह, ईश्वर सिंह, सलीम खान आदि शामिल रहे।

## जिला स्तरीय गणित प्रश्नोत्तरी में गढ़ी सिसाना की टीम रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

डाइट बीसवां मील में जिला स्तरीय गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। विगत 29 जनवरी को आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा 4 से 5 कक्षा 6 से 8 कक्षा 9 से 10 व 11 से 12 वीं से ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीमों ने भाग लिया था। अब घोषित परिणाम के अनुसार कैटगरी 1 में राजकीय प्राथमिक पाठशाला गढ़ी सिसाना की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### प्राचार्या ने किया सम्मानित

डाइट प्राचार्या रचना बाना ने टीम इचार्ज सुरेन्द्र दहिया व राजश्री के साथ बच्चों को सर्टिफिकेट व स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मानित किया।



**खरखौदा।** पुरस्कार प्राप्त करने के बाद विजयी चिह्न बनाती गणित प्रश्नोत्तरी की विजेता टीम।



**सोनीपत।** व्याख्यान के दौरान उपस्थित विद्यार्थी साथ में मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयम में व्याख्यान

**सोनीपत।** मॉडल टाउन स्थित राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की एनएसएस शाखा द्वारा महात्मा बुद्ध एवं युवा विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के तौर पर गढ़मिरकपुर राजकीय विद्यालय के प्राध्यापक डा. गुलशन राय ने अपनी सहभागिता दर्ज की। विद्यालय प्राचार्य एवं जिला एनएसएस संयोजक ने उनका अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं आधुनिक युग में भी प्रासंगिक है। इस अवसर पर प्रदीप, जोगिंद्र, बिजेंद्र आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## प्रो. अली खान की गिरफ्तारी के विरोध में सभा

### एफआईआर रद करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी के विरोध में नागरिक अधिकार मंच, सोनीपत की ओर से छोटू राम धर्मशाला में एक जनसभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कामरेड श्रद्धानंद सोलंकी ने की। सभा में विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

सभा को संबोधित करते हुए ईश्वर सिंह राठी ने कहा कि प्रो. अली खान की सोशल मीडिया पोस्ट में न तो कोई आपत्तिजनक भाषा थी, न ही कोई देशविरोधी टिप्पणी। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर सरकार के फैसले की सराहना की थी और पाकिस्तान की आलोचना करते हुए उसे आतंकवाद का समर्थक बताया था। बावजूद इसके, केवल उनकी धार्मिक पहचान के कारण उन्हें निशाना बनाया गया है। राठी ने कहा कि यह कार्रवाई एक बुद्धिजीवी की अभिव्यक्ति की आज़ादी पर सीधा हमला है। उनके खिलाफ दो एफआईआर 17 और 18 मई को दर्ज की गई, जिनमें एक हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया द्वारा कराई गई। जबकि राज्य में रोज़ महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं, बलात्कार और हत्याएं हो रही हैं, तब महिला आयोग की कोई सक्रियता नहीं दिखती। सभा में नागरिक अधिकार मंच के संयोजक कपिल देव एडवोकेट ने कहा कि हमें सड़कों पर उतर कर और कानूनी मोर्चे पर संघर्ष तेज करना होगा। सभा में विमल किशोर, रुस्तम अली, ईश्वर सिंह दहिया, राज सिंह दलाल, बलवान सिंह, वीरेंद्र सिंह और सुनीता ने भी विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून व्यवस्था से जनता त्रस्त है, ऐसे में सरकार फासीवादी और सांप्रदायिक एजेंडे को आगे बढ़ा रही है। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त सोनीपत को ज्ञापन सौंपकर प्रो. अली खान की रिहाई और दोनों एफआईआर रद्द करने की मांग की।



**सोनीपत।** विरोध प्रदर्शन करते हुए मंच के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

### जनवादी महिला समिति का प्रदर्शन

**सोनीपत।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने अशोका यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी की कड़े शब्दों में निंदा की है। समिति की जिला अध्यक्ष शीला, सचिव सरीजावती सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि प्रो. अली खान की गिरफ्तारी अभिव्यक्ति की आज़ादी पर सीधा हमला है। प्रो. अली खान ने 8 मई को सोशल मीडिया पर ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग की ज़िम्मेदारी मेजर सोफिया कुरैशी को सौंपने की सराहना करते हुए सांप्रदायिकता के विरुद्ध एकता की बात कही थी। इसके बाद हरियाणा महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए उन्हें नोटिस भेजा और विवाद खड़ा किया। समिति ने आरोप लगाया कि महिला आयोग राज्य की भाजपा सरकार के इशारे पर काम कर रहा है।

## जल्द तैयार होगी डीपीआर, सीवरेज, पेयजल और बरसाती पानी निकासी की मिलेगी स्थायी सुविधा

# अमरुत-2 योजना : 293 करोड़ के विकास कार्य होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- 20 करोड़ से रेनीवेल की मरम्मत, आधे शहर में सुदृढ़ होगी पेयजल व्यवस्था
- वैध हुई कॉलोनियों में 70 करोड़ खर्च कर देंगे सीवर और पेयजल सुविधा

नगर निगम के क्षेत्र में नागरिकों को स्वच्छता, साफ पानी और बेहतर जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम ने अमरूत-2 योजना के तहत बड़ा कदम उठाया है।

नगर निगम द्वारा कुल 293 करोड़ रुपये के प्रस्ताव स्थानीय निकाय विभाग के मुख्यालय को भेजे गए हैं, जिनकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) जल्द तैयार कर केंद्र सरकार को स्वीकृति के लिए भेजी जाएगी। नगर निगम प्रशासन द्वारा तैयार किए गए प्रस्तावों में सीवरेज लाइन, पेयजल आपूर्ति और बरसाती पानी की निकासी के लिए विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखा गया है। इसके तहत न केवल पहले से मौजूद सुविधाओं को अपग्रेड किया जाएगा बल्कि उन क्षेत्रों में भी बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा जहां अब तक यह सुविधाएं नहीं पहुंच पाई हैं। नगर निगम द्वारा तैयार किया गया 293 करोड़ रुपये का यह मास्टर प्लान बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में मदद करेगा। अब उम्मीद की जा रही है कि डीपीआर के तैयार होते ही केंद्र से स्वीकृति मिलेगी और फिर शहर में ये विकास कार्य तेजी से शुरू हो जाएंगे। नगर निगम द्वारा प्रस्तावित योजनाओं में जाजल में स्थित रैनीवेल की मरम्मत और वहां की मोटरों को बदलने के लिए 20 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शामिल है। यह कार्य शहर को पर्याप्त और निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बेहद आवश्यक है। क्योंकि जाजल रैनीवेल के जरिये शहर के पूर्वी हिस्से में सभी सेक्टर्स और कॉलोनियों में पेयजल की सप्लाई होती है। लगभग आधे शहर में पेयजल यहीं से सप्लाई होती है। राठधना स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की मरम्मत हेतु भी 20 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है। साथ ही, ककरोई रोड पर स्थित एसटीपी को पूर्ण क्षमता पर चलाने के लिए 11 करोड़ रुपये का अनुमान लगाया गया है। यह दोनों परियोजनाएं शहर की सीवरेज सफाई व्यवस्था को और अधिक कुशल बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। राज्य सरकार द्वारा हाल ही में वैध घोषित की गई कॉलोनियों को भी अब सीवरेज और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलने जा रही हैं। नगर निगम ने इन कॉलोनियों के लिए 70 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया है, जिससे वहां के हजारों निवासियों को लाभ पहुंचेगा। इसी प्रकार, देवडू, रेवली, जगदीशपुर, जाट जोशी, शामाबाद, अहमदपुर, लिवासपुर, रायपुर, फाजिलपुर जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब सीवरेज और नहरी पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए 70 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है।

### सीवर के लिए 60 करोड़ रुपये का प्रावधान

शहर की पुरानी सीवरेज लाइनों को बदलने तथा अमरुत-1 योजना के अंतर्गत अधूरी रह गई सीवरेज लाइन को पूरा करने के लिए 60 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। इससे विशेषकर पुराने शहर क्षेत्र में जलभराव और बदबू की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। शहर में विशेषकर बाजार क्षेत्रों में बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था सुधारने के लिए 40 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भी भेजा गया है। इस योजना के तहत नालों को पाइपलाइन में बदला जाएगा जिससे जलभराव की समस्या को जड़ से खत्म किया जा सके।

### अमरुत-1 योजना में भी हुए थे जिले में कई अहम कार्य : राजीव जैन



अमरुत-1 योजना के अंतर्गत ड्रेन नंबर 6 को कवर करना, बाहरी कॉलोनियों में सीवरेज और पेयजल लाइन डालना, और 25 एमएलडी क्षमता वाला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करना जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्य सफलतापूर्वक किए गए थे। अब अमरुत-2 योजना के तहत लंबित समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। केंद्र और राज्य सरकार दोनों की प्राथमिकता है कि शहरी विकास योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल पर दिखाई दें। निगम प्रशासन पूरी गंभीरता से काम कर रहा है ताकि प्रस्तावित योजनाएं जल्द से जल्द लागू होकर नागरिकों को राहत प्रदान कर सकें।

-राजीव जैन, मेयर, नगर निगम, सोनीपत

## खबर संक्षेप



### लिंगानुपात सुधार के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**खरखौदा।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत लिंगानुपात सुधार के लिए गांव किढ़ौली में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज्ञात रहे कि उन गांवों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जहां लिंगानुपात अपेक्षाकृत कम है। इस श्रृंखला मंगलवार को किढ़ौली गांव में महिला एवं बाल विकास विभाग व जिला लोकसम्पर्क विभाग की टीम द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीडीपीओ नीलम देवी ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का उद्देश्य प्रमुख रुप से लिंगानुपात सुधार में जागरूकता पैदा करना है।

### दुकान में लगी आग नकदी व सामान राख

गोहाना। बरोदा रोड स्थित काठमंडी में मंगलवार दोपहर को दुकान में आग लग गई। आग के चलते दुकान में रखा काउंटर भी जल गया। काउंटर में रखे तीन लाख रुपये और अन्य सामान जल गया। दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। सत्यनारायण और सुरेंद्र सैनी ने शहर में काठ मंडी में बजरंग बली मार्बल्स गोहाना के नाम से दुकान कर रखी है। दुकान में पत्थर, लोहे का सामान और अन्य सामान भरा हुआ था। सत्यनारायण के अनुसार दोपहर लगभग तीन बजे दुकान में बिजली के शार्ट-सर्किट के चलते आग लग गई। आग तेजी से फैल कर काउंटर तक पहुंच गई।

### पॉलिसी बनाकर कच्चे कर्मियों को पक्का करें

**गोहाना।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन से जुड़े कर्मचारियों ने मंगलवार को बिजली निगम के शहरी कार्यालय में 2 घंटे की गेट मीटिंग करके प्रदर्शन किया। अध्यक्षता यूनिट अध्यक्ष नितेश शर्मा ने की। संचालन सिटी सब डिवीजन के सचिव जितेंद्र शर्मा ने किया। केंद्रीय कमेटी नेता राजेश शर्मा ने कहा कि सरकार पॉलिसी बनाकर कच्चे कर्मचारियों को पक्का करे। पक्का होने तक कच्चे कर्मचारियों को 26 हजार न्यूनतम वेतन दिया जाए।



### आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण दिया

**गोहाना।** मंगलवार को गोहाना-जींद मार्ग स्थित नालंदा वल्ड स्कूल में विद्यार्थियों को आग पर काबू पाने व अग्निशमन में उपयोग में लाए जाने वाले हस्तसक्रिय उपकरण का उपयोग करने बारे प्रशिक्षण दिया गया। मार्गदर्शन स्कूल के चेयरमैन उमेद सिंह मलिक और एमडी रीना मलिक का रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या अनुपमा चौधरी ने की।

प्रशिक्षक राजबीर सिंह ने कहा कि फायर एक्सटीन्गुइशेर हस्तसक्रिय अग्नि सुरक्षा उपकरण है। यह सामान्यत आपातकालीन स्थितियों में अक्सर छोटी अग्नियों के शमन या नियंत्रण के लिए शुष्क या आद्र्र रसायन से भरा होता है। इस यंत्र की सहायता से आग पर आसानी से काबू पाया जा सकता है।

### आईएमटी में रखी प्लांट की आधारशिला

**खरखौदा।** सुजुकी बाइक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने मंगलवार को खरखौदा में अपने प्लांट की आधारशिला रखकर उत्पादन विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। यह प्लांट औद्योगिक टाउनशिप खरखौदा में 100 एकड़ भूमि पर विकसित किया जा रहा है, जिसमें 25 एकड़ क्षेत्र उत्पादन के लिए तैयार किया जाएगा। कंपनी इस अत्याधुनिक संयंत्र पर पहले चरण में करीब 1200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 7.5 लाख दोपहिया वाहनों की होगी।

## कन्या गुरुकुल का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

# अनु 489 अंक लेकर प्रदेश में 9वें स्थान पर

### 97.8 प्रतिशत अंक लेकर लकी बनी विद्यालय टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के रीजनल केंद्र खरल स्थित कन्या गुरुकुल का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। प्राचार्या गायत्री देवी ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सभी छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई दी।

परीक्षा में कन्या गुरुकुल खरल की छात्रा अनु पुत्री धर्मपाल ने 489 अंक लेकर विद्यालय में पहला व हरियाणा प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त किया। छात्रा ने संस्कृत विषय में पूरे 100 अंक व अंग्रेजी में 99 अंक प्राप्त किए। परीक्षा में छात्रा मुस्कान पुत्री राजेंद्र ने 487, सिमरन पुत्री संजय कुमार ने 485 और मुस्कान कौर पुत्री गुरचेन सिंह ने 484 अंक लेकर विद्यालय में क्रमशः दूसरा, तीसरा व चौथा स्थान हासिल किया। परीक्षा में 133 छात्राओं में 56 ने मेरिट प्राप्त की। इनमें 22 छात्राओं ने 90 से ज्यादा अंक प्राप्त किए।



गोहाना। मेधावी छात्राएं अपने गुरुजनों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### आरके हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने अपने मेधावियों को सम्मानित किया



गोहाना। समारोह में सम्मानित किए गए विद्यार्थी और उनके गुरुजन।

गोहाना। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में महमूदपुर रोड स्थित आरके हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन प्राप्त करने वाले मेधावियों को विद्यालय ने सम्मानित किया। समारोह के लिए मार्गदर्शन विद्यालय के एमडी जगबीर सिंह सरोहा का रहा। अध्यक्षता प्राचार्य तेजेंद्र सरोहा ने की। 10वीं की परीक्षा में छात्रा लकी पुत्री रोशन 97.8 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय टॉपर बनी। लक्ष्मी पुत्री रोहतास 97.2 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे और संजना पुत्री कृष्ण 97 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। परीक्षा में 18 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और 49 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की। विद्यालय का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा टॉपर विद्यार्थियों के साथ उनको पढ़ाने वाले गुरुजनों को भी सम्मानित किया गया।



छात्रा राखी को नोटों की माला पहनाकर सम्मानित करते हुए शिक्षक व अतिथि।

## राखी 90 प्रतिशत अंक लेकर बनी स्कूल टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भावड़ गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं व कक्षा 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थी सम्मानित हुए। मुख्य अतिथि शैक्षणिक खंड कथूरा के बीईओ जितेंद्र गौड़ रहे। अध्यक्षता प्राचार्य सुरेंद्र नरवाल ने की।

10वीं की परीक्षा में छात्रा राखी पुत्री धर्मवीर 90 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय टॉपर बनी। छात्र शुभम दूसरे और छात्रा रितिका तीसरे स्थान पर रही। छात्रा राखी ने हरियाणा सरकार द्वारा चलाई गई योजना सुपर-100 में भी स्थान पाया है। कक्षा 12वीं की परीक्षा में तमन्ना पुत्री सुमेर, अंजलि और रामभतेरी क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। मेधावी विद्यार्थियों को सरपंच बिजेंद्र, सरपंच रामधारी सिंह और पीटीआई रामकुमार ने इनाम देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष देवेंद्र सिंह और विनोद कुमार सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता में गंगा हाउस प्रथम

- ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल में इंटर हाउस सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में इंटर हाउस सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के चारों हाउस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया । कड़े मुकाबले में गंगा हाउस की टीम 140 अंक हासिल कर पहले स्थान पर रही, जबकि कृष्णा हाउस की टीम 120 अंक लेकर दूसरे, कावेरी हाउस की टीम 110 अंक प्राप्त कर तीसरे व यमुना हाउस की टीम 100 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रही। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व प्राचार्या मीनाक्षी खुराना ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या मीनाक्षी खुराना ने विजेता गंगा हाउस की टीम इंचार्ज अध्यापिका भावना व प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर अध्यापिका कविता, पूनम, रोजी, मेघा, कोमिला, काजल, शालू, भावना, दिव्या, पूजा, नीरू, सीमा, ललिता, शिवम, रितिका, ज्योति, युक्ति, कविता नैन, मंजू गांधी, कोमिला, सुनैना, मोनिका दूहन, अध्यापक सतीश, वेद प्रकाश गुप्ता सहित सभी स्टाफ मौजूद रहे।



ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल में आयोजित इंटर हाउस सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता की विजेता गंगा हाउस की टीम प्राचार्या मीनाक्षी खुराना के साथ।

## दिनेश चौहान के जजपा हलकाध्यक्ष नियुक्त होने पर कार्यकर्ता में खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

- पार्टी की नीतियों क गांव-गांव प्रचार और प्रसार करेंगे

जजपा द्वारा घोषित प्रदेश कार्यकारिणी में दिनेश चौहान गांव चौहान जोशी को राई हलके के अध्यक्ष की जिम्मेदारी देने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी है। नवनियुक्त हलकाध्यक्ष चौहान ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला, पूर्व मंत्री दुष्यंत चौटाला, डा. केसी बागड़, जिलाध्यक्ष अशोक सरोहा का आभार व्यक्त किया।

हल्काध्यक्ष दिनेश चौहान ने कहा कि पार्टी ने उन्हें हलके की जो जिम्मेदारी दी है। उसका वे ईमादारी से निवर्हन करेंगे और पार्टी से युवाओं को जोड़ने का अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों क गांव-गांव जाकर प्रचार और प्रसार करेंगे।

नवनियुक्त हलकाध्यक्ष दिनेश चौहान ने बताया कि वे पिछल्ले 26 साल से पार्टी में सक्रिय सदस्य रहे। इसके अलावा बुद्धिजीवी सैल के जिलाध्यक्ष के पद पर भी कार्य किया। पिछल्ले 27 साल से नैन्सी शिक्षा सदन स्कूल का संचालन कर रहे है। वहीं उनकी नियुक्ति पर हलके के पदाधिकारियों ने भी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया।



नवयुक्त जजपा के हलकाध्यक्ष दिनेश चौहान।



खरखौदा। पुस्तकालय के उद्घाटन समारोह में उपायुक्त व अन्य

### नव-निर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन

**खरखौदा।** उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने मंगलवार को गांव रोहणा स्थित राजकीय विद्यालय में नव-निर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते कहा कि पुस्तकालय सिर्फ किताबों का संग्रह नहीं, बल्कि यह एक दिशा है जो व्यक्ति को बेहतर मानव बनने की ओर ले जाती है। कहा कि बेहतर जीवन का रास्ता, बेहतर किताबों से होकर गुजरता है। आज के डिजिटल युग में पुस्तकालय केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि कंप्यूटर, इंटरनेट और ई-बुक्स के माध्यम से यह विद्यार्थियों को दुनिया भर के ज्ञान से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम ऐसा शैक्षणिक वातावरण बनाएं, जिसमें बच्चों को सर्वांगीण विकास के सभी अवसर मिलें। उपायुक्त ने बताया कि मारुति-सुजुकी द्वारा विद्यालय को गोद लिया है और कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत इस पुस्तकालय का निर्माण करवाया गया है।

## जय भारत स्कूल खेड़ी गुज्जर का दसवीं का परिणाम शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जय भारत पब्लिक स्कूल खेड़ी गुज्जर का भिवानी बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बहुत ही शानदार रहा है। स्कूल के प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह पहल ने जानकारी देते हुए बताया कि दसवीं कक्षा में स्कूल के 78 छात्रों में सभी छात्र पास हुए और 90 प्रतिशत से अधिक अंक 35 छात्रों ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह पहल ने बताया कि स्कूल के छात्रा पारूल ने 490/500 व पलक ने 490/500 प्रथम स्थान, पूजा ने 489/500 अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा नैंसी ने 486/500 अंक लेकर तीसरा , निकी ने 483/500 अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। मेधावी छात्रों के सम्मान में स्कूल में सम्मान समारोह का कार्यक्रम किया गया। जिसमें स्कूल के प्रधानाचार्य देवेन्द्र सिंह पहल व संस्था के प्रबंधक रमेश खत्री ने मेधावी छात्रों का सम्मान किया।



जय भारत स्कूल के मेधावी छात्रों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य व संस्था के अध्यक्ष।




सोनीपत। आंगनवाड़ी वर्कर्स विरोध जताते हुए। फोटो :हरिभूमि

### राष्ट्रीय हड़ताल का ऐलान

**सोनीपत।** सीटू से जुड़ी आंगनवाड़ी वर्करों की बैठक में श्रमिकों के अधिकारों को लेकर बड़ा ऐलान किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुनीता ने की और संचालन सुदेश ने किया। जिला सचिव सोना देवी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए श्रम विरोधी लेबर कोड को रद्द किया जाए और पुराने श्रम कानूनों को सख्ती से लागू किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगें नहीं मानीं तो 9 जुलाई को राष्ट्रीय हड़ताल की जाएगी।बैठक में कहा गया कि सभी परियोजना वर्करों और कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए तथा 26,000 मासिक न्यूनतम वेतन घोषित किया जाए। सोना देवी ने मांग की कि बर्खास्त आंगनवाड़ी वर्करों को बहाल किया जाए, ग्रेच्युटी व पेंशन की सुविधा मिले, और हेल्पर से वर्कर व वर्कर से सुपरवाइज़र के पदों पर 50% प्रमोशन कोटा लागू हो। उन्होंने यह भी कहा कि एसएचजी द्वारा सप्ताह में छह दिन खाना बनवाया जाए।

## एंबुलेंस रिपेयरिंग के लिए मिलेंगे पच्चीस हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में लोगों के लिए आपातकालीन स्थिति में अस्पताल तक पहुंचाने वाली एंबुलेंस की देखरेख के लिए खर्च होने वाली राशि को विभाग की तरफ से बढ़ाया गया है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर एक कमेटी बनाई गई है, जो एंबुलेंस पर होने वाले खर्च की देखरेख करेगी। विभाग की तरफ से पहले जिला स्तर पर महज दस हजार रुपये राशि स्वीकृत थी। अब उक्त राशि को बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया गया है। गाड़ियों में आने वाले छोटे-मोटे खर्च को जिला स्तर पर ही निपटा दिया जायेगा। जिससे समय पर गाड़ियां ठीक होकर लोगों की सुविधा के लिए उपलब्ध रहेगी।

बता दें कि जिले में वर्तमान में कुल 30 एंबुलेंस और तीन मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) है। इनका उपयोग आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किया जाता है। लेकिन कई एंबुलेंस खराब होने से स्वास्थ्य विभाग को गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।



मामले की जानकारी देते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी।

### बेहतर सुविधा देने के लिए विभाग प्रयासरत

लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रयासरत है। एंबुलेंस के खर्च को बढ़ाने के लिए उच्च अधिकारियों से निवेदन किया गया था। जनहित में कार्य करते हुए खर्च की दस हजार की राशि को बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया गया है। हालांकि 25 हजार रुपये से अधिक की मरम्मत के लिए अब भी मुख्यालय से मंजूरी लेनी होगी। लोगों की सुविधा के लिए प्रबंधन की तरफ से जरूरी कदम उठाने का कार्य किया जा रहा है

*डा. ज्योत्सना, जिला स्वास्थ्य अधिकारी।*

## नशा मुक्ति के खिलाफ निकाली पदयात्रा खेलों में भाग लेने के लिए जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नशा मुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे ट्रस्ट ने देशभर में चलाए जाने वाली नशा मुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे सशक्त भारत पदयात्रा की शुरुआत मंगलवार को लघु सचिवालय से की। पदयात्रा के दौरान ट्रस्ट के सदस्यों ने युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया। साथ ही खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। पदयात्रा का उद्देश्य देशभर के युवाओं को नशे से बचाकर उन्हें जागरूक कर खेलों की ओर ले जाना है। इसकी शुरुआत ट्रस्ट ने सोनीपत से की, पदयात्रा का अगला चरण हिसार में होगा। लघु सचिवालय से प्रारंभ की गई पदयात्रा का नेतृत्व स्वामी अनभुतानंद महाराज ने किया। नशा मुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे सशक्त भारत पदयात्रा का समर्थन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज अर्जुन व भीम अवॉर्डी स्वीटी बूरा, कल्पना चावला शौर्य अवॉर्डी पर्वतारोही मीनू कालीरमण ने भी भाग लिया।



यात्रा में शामिल ट्रस्ट के पदाधिकारी साथ में अंतरराष्ट्री खिलाड़ी।

## भारत मां के जयकारों से गूंजी बिचपड़ी व भैंसवाल की गलियां

# सैनिकों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भाजपा द्वारा सैनिकों के सम्मान में मंगलवार को बुटाना और भैंसवाल मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल लोगों द्वारा भारत मां के जयकारों से गांवों की गलियां गूंज उठी। गांव बिचपड़ी में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली की पत्नी गीता बड़ौली मुख्य अतिथि रहीं। मार्गदर्शन भाजपा गोहाना जिला के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक और जिला संयोजक बरोदा हलका से पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान का रहा। गीता बड़ौली ने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से पाक के अंदर घुसकर आतंकियों के ठिकानों को जमींदोज कर दिया। सेना ने पाक के कई आतंकी भी मार गिराए। सैनिक हमारे राष्ट्र की शान हैं। बिजेंद्र और प्रदीप सांगवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाक को सख्त लहजे चेतावनी दे दी है कि गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा।

यात्रा में पहलवान योगेश्वर, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, नप चेयरमैन रजनी विरमानी, कुलदीप कौशिक, डॉ. राममेहर राठी, कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा के निजी सचिव अमित और सूरजमल शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। गांव बिचपड़ी में सरस्वती विद्या वमावि द्वारा तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। मार्गदर्शन विद्यालय के एमडी आशीष गोयल का रहा। विद्यालय की ओर से शिक्षिका रेणु सहरावत ने यात्रा में गीता बड़ौली और नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी को पटका पहनाकर सम्मानित किया।



गोहाना। यात्रा के स्वागत में हाथों में तिरंगा लिए खड़े विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

### भारतीय सेना की वीरता का गुणगान किया:



**खरखौदा।** ब्रह्म शक्ति सीनियर सेकेंडरी स्कूल थाना कलां में तिरंगा यात्रा निकाल पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि दी व ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना की वीरता का गुणगान किया। प्राचार्य रामबीर सिंह ने तिरंगा रैली को रवाना करते हुए बताया कि पहलगाम में शहीद हुए पर्यटकों का बदला लेने के लिए हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तानी आतंकवाद को परास्त करते हुए काफी आतंकवादियों को मार गिराया। हमें अपनी सेना पर गर्व है। रैली में सम्मिलित एन एस एस यूनिट के सभी छात्रों ने भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद जैसे देशभक्ति नारे लगाए व गली-गली घूम कर भारतीय सेना की वीरता का बखान किया।



सोनीपत। योगासन करवाते लक्ष्मीनारायण साथ में योग साधक। *फोटो :हरिभूमि*

### नियमित योगाभ्यास करें : लक्ष्मीनारायण

**सोनीपत।** लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति द्वारा मिशन फिट सोनीपत के तहत योग के प्रचार प्रसार हेतु सोनीपत स्थित मॉडल टाउन की लेडीज पार्क में निशुल्क योग कक्षा का संचालन किया जा रहा है। कक्षा में उपस्थित साधकों को संबोधित करते समिति के प्रधान व सूर्यनमस्कार के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर लक्ष्मीनारायण ने बताया कि नियमित योगाभ्यास करने वाले साधक सदैव स्वस्थ रहते हैं, वरिष्ठजन तो बढ़ती उम्र के साथ होने वाले रोगों से भी बचे रहते हैं। नियमित योगाभ्यास केवल युवाओं, बच्चों के लिए ही नही वरन वरिष्ठजनों के लिए लाभदायक हैं। उनको नियमित ताड़ासन, पवनमुक्तासन, बालासन, शवासन आदि का अभ्यास अवश्य ही करना चाहिए इससे वे तनावमुक्त रहेंगे और उनका मन मस्तिष्क शांत रहेगा। आत्मबल में वृद्धि होगी, एकाकीपन भी कम महसूस होगा। सतवीर, रणसिंह, धर्मपाल, बलवान, सुनीता, सविता मौजूद रहे।


गन्नौर के लोकप्रिय
विधायक देवेन्द्र कादियान
को जन्मदिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
HAPPY BIRTHDAY
हरीश मदान
पूर्व पार्षद
एवं समाजसेवी
प्रमोद ढाका
सरपंच
ग्राम पंचायत सनपेड़ा
दलबीर मलिक
सरपंच प्रतिनिधि
एम पी माजरा ग्राम पंचायत
नीरज जग्गा
समाजसेवी
अशोक किताब घर
कृष्ण
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत मोई
कपिल
सरपंच
ग्राम पंचायत, माजरी
देवेन्द्र कादियान
विधायक, गन्नौर
36 बिरादरी का बेटा
श्री देवेन्द्र कादयान
विधायक गन्नौर
के जन्मदिन पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
36 बिरादरी का बेटा
श्री देवेन्द्र काद्यान
विधायक गन्नौर
शुभकामनाओं सहित
अंकित मल्होत्रा
पूर्व पार्षद-नगरपालिका गन्नौर